बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-54
27/01/2019

मीरगंज के पूर्व विधायक अनंत प्रसाद सिंह के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना 27 जनवरी 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गोपालगंज जिले के मीरगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अनंत प्रसाद सिंह के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे एक कुशल राजनेता एवं प्रसिद्ध समाजसेवी थे। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******